इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 535]　　भोपाल, गुरुवार, दिनांक 22 दिसम्बर 2016—पौष 1, शक 1938

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 दिसम्बर 2016

सूचना

क्र. एफ 1-11-2016-सात-शा. 6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (2) के प्रतिबंध में निहित उपबंध के अनुसरण में इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उपरोक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन नवीन तहसील बिलासपुर, जिला उमरिया सृजित करने हेतु निम्न अनुसूची के कॉलम (5) में उल्लेखित किये गये अनुसार वर्तमान तहसील चंदिया, जिला उमरिया की सीमाओं को परिवर्तित करने, कॉलम (2) में दर्शाई तहसील को कॉलम (3) में दर्शाये उसके नाम के मुख्यालय से उसकी स्थापना करने तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित किये अनुसार तहसील की सीमाएं निर्धारित करने का प्रस्ताव करता है.

2. मध्यप्रदेश राजपत्र में इस सूचना के प्रकाशन होने के दिनांक से 60 दिन समाप्त होने पर प्रस्ताव पर विचार किया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी आपत्तियाँ या सुझाव उक्त कालावधि की समाप्ति के पूर्व प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को लिखित रूप में प्रेषित किये जा सकेंगे :—

अनुसूची

क्र.	प्रस्तावित तहसील	मुख्यालय	वर्तमान तहसील	परिवर्तन का स्वरूप	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	बिलासपुर	बिलासपुर	चंदिया	वर्तमान तहसील चंदिया के रा.नि.मं.-01 बिलासपुर के प.ह.नं. 25 से 42 तक कुल 18 पटवारी हल्के, जिनमें 83 ग्राम होंगे, अपवर्जित होकर नवीन प्रस्तावित तहसील बिलासपुर में सम्मिलित होंगे.	**पूर्व में.**—तहसील बांधवगढ़, जिला उमरिया **पश्चिम में.**—वर्तमान तहसील ढीमरखेड़ा, जिला कटनी. **उत्तर में.**—तहसील चंदिया, जिला उमरिया **दक्षिण में.**—तहसील शहपुरा, जिला डिण्डोरी **दक्षिण पश्चिम में.**—तहसील कुण्डम, जिला जबलपुर.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
2.	तहसील चंदिया	चंदिया	चंदिया	वर्तमान तहसील चंदिया के रा.नि.मं. चंदिया के प.ह.नं. 1 लगायत 24 पटवारी हल्के होंगे, इस प्रकार प्रस्तावित तहसील चंदिया में कुल 24 पटवारी हल्के, जिनमें कुल 78 ग्राम हैं, शेष रहेंगे.	**पूर्व में.**—तहसील मानपुर, जिला उमरिया **पश्चिम में.**—तहसील बड़वारा, जिला कटनी **उत्तर में.**—तहसील बरही, जिला कटनी **दक्षिण में.**—प्रस्तावित तहसील, बिलासपुर जिला उमरिया.

3. प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेन्द्र सिंह, अपर सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.